जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965


साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 58 | अंक-40 | जयपुर, सोमवार, 10 अक्टूबर, 2022 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

## इन्वेस्ट राजस्थान समिट-2022 का एमएसएमई कान्क्लेव

# प्रदेश में एमएसएमई का भविष्य उज्ज्वलः मुख्यमंत्री

### हर परिस्थिति में निवेशकों के साथ राज्य सरकार

**जयपुर(हमारा वतन)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य में एमएसएमई सेक्टर जितना मजबूत सेक्टर होगा, उतनी ही तेजी से आर्थिक प्रगति होगी। आज देश की जीडीपी में एमएसएमई का 30 प्रतिशत योगदान है। राजस्थान में लगभग 6 लाख से अधिक एमएसएमई उद्योग स्थापित है। यहां 1.35 लाख से अधिक निर्यातक है। इस सेक्टर में रोजगार की सबसे अधिक संभावनाएं हैं। राज्य सरकार ने इसी सोच के साथ एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए अनेक नीतिगत फैसले लिए है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एमएसएमई का भविष्य सुरक्षित और उज्ज्वल है। गहलोत जेईसीसी, सीतापुरा में आयोजित इन्वेस्ट राजस्थान समिट-2022 के तहत एमएसएमई कॉन्क्लेव एवं समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने एमएसएमई कॉन्क्लेव के 'थिंकिंग बिग, थिंकिंग स्मार्ट' सत्र में कहा कि समिट से प्रदेश में निवेश का एक नया वातावरण बना है। समिट में इन्वेस्टर्स द्वारा राज्य की नीतियों का खुले मन से तारीफ करना व इन्वेस्टमेंट के लिए 'बेस्ट डेस्टिनेशन' बताना सफलता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हम प्रदेश में ऐसा माहौल विकसित कर रहे हैं, जिससे कि हर क्षेत्र में उद्योग स्थापित हो सकें और रोजगार बढ़ सकें। राज्य सरकार हर समय और हर परिस्थिति में निवेशकों के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हर एमओयू और प्रोजेक्ट्स को धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने निवेशकों को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार का हर अधिकारी-कर्मचारी समर्पित होकर निवेशकों की आवश्यकताओं को समयबद्ध पूरा कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही, हमारे द्वारा निवेशकों के उत्पादों की बेहतर मार्केटिंग तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान कायम करने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रयास किए जाएंगे।

गहलोत ने कहा कि उद्यमी वहीं निवेश करते है, जहां अच्छा माहौल होता है। हमने सडक तंत्र को मजबूत बनाया है। औद्योगिक विकास के लिए नीतिगत निर्णयों से ?सा माहौल विकसित किया है कि निवेशकों को समस्याएं नहीं आएंगी। हैप्पीनेस इंडेक्स में हमारी रैंक और प्रतिव्यक्ति आय बढ़ना प्रदेश की सुख समृद्धि को दर्शाता है।

गहलोत ने कहा कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू ने देश में औद्योगिक विकास की नींव रखी। इसके बाद से एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा मिलता गया। नेशनल प्लानिंग कमीशन के आधार पर देश में नीतियां और अधिनियम बने, जिससे विकास संभव हुआ। उसी आधार पर राज्य सरकार भी एमएसएमई को बढ़ावा दे रही है। राज्य में एमएसएमई के महत्व, उसकी जरूरतों और उनकी कठिनाइयों को समझते हुए 2019 में एमएसएमई एक्ट लाया गया, जो वरदान साबित हुआ। वर्ष 2022-23 के बजट में इस अधिनियम के तहत एमएसएमई को सरकार की स्वीकृति, अनुमति, निरीक्षण से 3 वर्ष तक मिलने वाली छूट को बढ़ाकर 5 वर्ष कर दिया है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के दौरान एमएसएमई को जो आर्थिक हानि हुई, उससे राहत दिलाने के लिए अहम फैसले




लिए। एमनेस्टी योजना लाकर कई प्रकार की छूट प्रदान की गई।

# गोविंदगढ़ में खादी कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर दे रहे धरना

**चौमूं (हमारा वतन)।** राजस्थान खादी विकास मंडल गोविंदगढ़ में गोविंदगढ़ खादी कर्मचारी संघ के तत्वाधान में विभिन्न मांगों को लेकर धरना दिया जा रहा है । धरना स्थल पर भारतीय खादी मजदूर संघ के मंत्री रमेश चंद बेरवा पधारे और कर्मचारियों को भारतीय खादी मजदूर संघ का पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की । उन्होंने बताया कि खादी के कर्मचारियों की मांगों को लेकर आज दिन तक में किसी भी प्रशासनिक अधिकारियों ने सुध नहीं ली जो एक विडंबना है । खादी बोर्ड व आयोग भी उन संस्थाओं की जिम्मेदारी नहीं लेते हैं । गोविंदगढ़ खादी कर्मचारी संघ के मंत्री कन्हैया लाल यादव ने बताया कि पिछले 4 वर्षों से हमने कई बार संस्था के सेक्रेटरी ,अध्यक्ष, खादी बोर्ड, खादी आयोग, मुख्यमंत्री, श्रम आयुक्त, जिला कलेक्टर, उपखंड अधिकारी आदि को पत्र द्वारा बार-




बार अवगत करवाने के बावजूद कर्मचारियों की कोई सुनवाई नहीं हो रही है । आरोप लगाया कि पिछले 4 साल से संस्था के संचालक मंडल द्वारा मनमर्जी कर के कर्मचारियों को कभी भी समय पर वेतन नहीं दिया जाता है । कर्मचारियों द्वारा संचालक मंडल के सदस्यों से बात की जाती है तो वह यह कह कर पल्ला झाड़ते हैं कि इस संस्था से हमारा कोई लेना देना नहीं है, हम इसके जिम्मेदार नहीं है । कर्मचारियों ने चेताया है कि यदि संचालक मंडल को नहीं बदला जाएगा तथा हमारा वेतन का भुगतान नहीं किया जाएगा तब तक धरना जारी रहेगा । इस दौरान गोविंदगढ़ खादी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष शंकर लाल यादव, उपाध्यक्ष महेश चंद बुनकर, महामंत्री प्रह्लाद राय वर्मा, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा, कर्मचारी दिलीप सिंह राजावत, विमल चंद जैन, विजय कुमार शर्मा, बाबूलाल वर्मा, किरीट शर्मा, नकुल शर्मा, बाबूलाल स्वामी, रतन लाल शर्मा, राजकुमार वर्मा आदि लोग मौजूद रहे ।

# कचोलिया गांव में हुआ एक शाम तेजाजी के नाम कार्यक्रम

**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं शहर के कचोलिया ग्राम में तेजाजी मंदिर के पास स्थित सामुदायिक भवन में एक शाम तेजाजी के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया । हजारों की संख्या में लोग भजन संध्या में पहुंचे । डॉक्टर हनुमान बराला ने आए हुए सभी कलाकारों और प्रतिभाओं को समिति का दुपट्टा,साफा और मोमेंटो देकर सम्मानित किया । कार्यक्रम संयोजक डॉक्टर हनुमान बराला ने बताया कि पूरी रात भर श्रोता तेजाजी महाराज के भजनों को पूरी तन्मयता के साथ सुनते रहे । गजेंद्र अजमेरा एंड पार्टी द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए । ट्विंकल वैष्णव के डांस और भजनों को भी खूब पसंद किया गया । ऐसे आयोजनों से धार्मिकता के साथ भाईचारे की भावना भी विकसित होती है ।



इस दौरान हनुमानजी, मातारानी और सिंह की जीवंत झांकियों ने दर्शकों को दांतो तले उंगली दबाने के लिए मजबूर कर दिया । साथ ही चौमूं क्षेत्र की प्रतिभाओं और ग्राम कचौलिया के कलाकारों का सम्मान भी किया गया ।सभी ग्रामवासियों के सहयोग से कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# कांग्रेस अध्यक्ष पद के दोनों उम्मीदवार कद्दावर, किसी को रिमोट कंट्रोल से नहीं चलाया जा सकताः राहुल

**कर्नाटक (हमारा वतन)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इन आशंकाओं को खारिज कर दिया कि गांधी परिवार पार्टी के अगले अध्यक्ष को रिमोट से नियंत्रित कर सकता है। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ रहे दोनों उम्मीदवार -मल्लिकार्जुन खडगे व शशि थरूर- कद्दावर और अच्छी समझ रखने वाले व्यक्ति हैं।

'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, गांधी ने कहा कि इस यात्रा में वह अकेले नहीं हैं बल्कि लाखों लोग इसमें शामिल हैं क्योंकि वे बेरोजगारी, महंगाई और असमानता से थक चुके हैं।





# चौमूं का इतिहास

गतांक से आगे.....



**भाग 21**

लक्ष्मणसिंह ने अपने हाथ से कई स्मारक बनवाये थे। उनमें सर्वप्रथम अपनी माता के बनवाए हुए चौमूं के बड़े मंदिर में भगवान 'भक्त बिहारीजी' की प्रतिष्ठा की । उस काम में चौमूं के कर्मठ निष्ट (ताम-डायत) पंडितों का प्राधान्य था। अतः उन्होंनें उसी अवसर में ब्रह्मपुरी के आराध्य देव 'ललित बिहारीजी' की भी प्रतिष्ठा की थी। तत्पश्चात जयपुर में 'काम पूर्णेश्वर' और चौमूं भोपावास की डूंगरी में 'दुर्गाजी' की स्थापना हुई थी। संवत् 1902 में चौमुंहागढ़ के मंगल पोल पर 'गणेश जी' का मंदिर बनवाया था संवत् 1912 में 'श्री बिहारीजी तथा काशी विश्वेश्वरीजी' की प्रतिष्ठा की थी। श्री बिहारीजी की स्थापना के मौके पर जयपुर नरेश महाराज रामसिंह चौमूं पधारे थे। मोतीमहल में डेरा हुआ था। दो दिन रहे थे और भगवान के भोग के लिए एक गांव पिरागपुरा भेंट किया था। संवत् 1913 में जयपुर में लक्ष्मणनिवास महल बनवाया। संवत् 1914-1915 में आमेर हवेली की तथा चौमूं कृष्णनिवास की मरम्मत करवाई। इसी अवसर में चौमूं की अति विशाल बावड़ी की भी मरम्मत हुई थी और कृष्णसिंह की छतरी बनवाई गई थी।



प्रिंस कुमार उप्पल
(मुद्राशास्त्री)
निदेशालय,पुरातत्व
एवं संग्रहालय
विभाग-जयपुर

लक्ष्मणसिंह की मृत्यु के बाद गोविंदसिंह चौमूं के शासक हुए। संवत् 1919 में लक्ष्मणसिंह का स्वर्गवास होने पर अलयराजपुरा के ठाकुर गोविंदसिंह उनके उत्तराधिकारी हुए। गोविंदसिंह ने संवत् 1924 में 'चौमूं स्कूल' कायम करके विद्या प्रचार का समयोचित विधान प्रस्तुत किया और ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र तथा वर्णोंतरों के लिए हिंदी, अंग्रेजी और फारसी आदि पढ़ते रहने का रास्ता खोल दिया।

# बराला हॉस्पिटल में हुआ यूरोलॉजी सेंटर का भव्य शुभारंभ, गोल्ड मेडलिस्ट डॉ.अभिषेक बराला की मिलेंगी 24 घंटे सेवाएँ



**जयपुर (हमरा वतन)।** चौमूं शहर के प्रसिद्ध बराला हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में सुविधाओं का विस्तार हुआ, इसमें यूरोलॉजी सेंटर का भव्य शुभारंभ किया गया । सेंटर में अब डॉ. अभिषेक बराला की 24 घंटे सेवाएँ उपलब्ध रहेंगी । कार्यक्रम में डॉक्टर करण सिंह यादव, डॉक्टर शेर सिंह, नगर पालिका चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी, गंगा दास जी महाराज, डॉ. आरएस मानावत, डॉ रामनारायण यादव, डॉ. एसके चोपड़ा, डॉक्टर राधेश्याम धमोड़, बंशीधर बाजिया, नगर पालिका ईओ देवेन्द्र जिंदल,चौमूं थानाधिकारी हेमराज मूंड आदि अतिथियों ने शिरकत की । सभी अतिथियों का बराला हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉक्टर ग्यारसी लाल बराला, डॉक्टर बाबू लाल बराला ,डॉक्टर श्रवण बराला, डॉक्टर हनुमान बराला ने माला और साफा पहनाकर किया । इसी प्रकार बराला फैमिली से डॉ. विपिन बराला, डॉ. अमित बराला, डॉक्टर दीपिका बराला, डॉ. शिखा मील,भावना बराला ने भी अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया । हॉस्पिटल के डायरेक्टर ने बताया कि इस हॉस्पिटल की सेवाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है । आसपास के क्षेत्र के लोगों को शहरों में नहीं जाना पड़े और पूरी सुविधाएं और इलाज यहीं पर मिले इसको लेकर बराला हॉस्पिटल लगातार प्रयासरत है।इस दौरान चौमूं क्षेत्र के डॉक्टर,जनप्रतिनिधि ,समाजसेवी, बराला फैमिली सहित आरएलपी प्रदेश महामंत्री छुट्टन यादव, विधायक प्रत्याशी एडवोकेट पवन कुमार प्रजापति, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष चन्द्रकला नागौरी, लालचंद झाझड़ा, सुरेश सेरावत, आरके कुमावत सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग मौजूद रहे ।

# सिंगोद कला में विधायक रामलाल शर्मा ने हॉल और बरामदा निर्माण कार्य का किया लोकार्पण



**जयपुर (हमारा वतन)।** ग्राम पंचायत सिंगोद कला में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय करणीपुरा में विधायक कोष से निर्मित हॉल निर्माण कार्य और मयूर फाउंडेशन के सीएसआर फंड से निर्मित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिंगोद कला में बरामदा निर्माण कार्य का लोकार्पण विधायक रामलाल शर्मा ने किया। विधायक रामलाल शर्मा ने बताया कि विकास एक सतत प्रक्रिया है और जनप्रतिनिधि और आमजन की सहभागिता पर विकास कार्य निर्भर करता है। उन्होंने ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में सहयोग प्रदान करते रहने की बात कही और कहा कि जल्द ही 26 लाख रुपए के विकास कार्य ग्राम पंचायत में करवाए जाएंगे। उन्होंने विद्यार्थियों और युवा शक्ति को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आप उसके लिए कठोरता से मेहनत करें, आप जरूर अपना लक्ष्य प्राप्त कर पाएंगे। साथ ही उन्होंने पर्यावरण को बचाने के लिए वृक्षारोपण करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित पोद्दार मयूर यूनीकोटर्स लिमिटेड कंपनी से किरण देवी ने कहा कि आगे भी अपने सीएसआर फंड से ग्राम पंचायत में सहयोग करते रहेंगे। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का सरपंच कुसुमलता सैनी ने आभार जताया।

# सितंबर में 53 हजार से ज्यादा ट्रैक्टर बिके

**नई दिल्ली।** भारत के ट्रैक्टर इंडस्ट्री ने सितंबर 2022 के महीने में 53,310 यूनिट्स की सेल्स रिकॉर्ड की है। गुजरात, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, बिहार और कर्नाटक टॉप 6 राज्यों में शामिल थे, जिन्होंने देश भर में कुल ट्रैक्टर बिक्री में 75% का योगदान दिया।इस डेटा को ट्रैक्टर जंक्शन के डिजिटल मार्केट पोर्टल ने जारी किया है। इसके मुताबिक, कैलेंडर ईयर 2022 में पहले 9 महीनों में कुल ट्रैक्टर बिक्री लगभग 5.16 लाख यूनिट है, मासिक बिक्री अगस्त 2022 के महीने को छोड़कर 50,000 यूनिट से ज्यादा रही है।सितंबर महीने के लिए दर्ज बिक्री आंकड़ों में 2.19% महीने दर महीने के आधार पर वृद्धि हुई है। महिंद्रा ने सितंबर में सबसे अधिक बिक्री दर्ज की, उसके बाद स्वराज ट्रैक्टर, मैसी फर्गासन, सोनालिका ट्रैक्टर, एस्कॉर्ट्स, जॉन डिअरे और आयकर मोटर का स्थान रहा। ट्रैक्टर जंक्शन के फाउंडर रजत गुप्ता ने कहा, सितंबर के महीने में ट्रैक्टर की बिक्री महीने दर महीने अधिक रही। इस साल के मानसून के पहले कुछ महीनों में असमान बारिश के कारण कर्षण कम था।



# ध्वजारोहण के साथ राज्य पुरस्कार स्काउट अनुशंसा शिविर का हुआ शुभारंभ

**उदयपुर (हमारा वतन)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड मण्डल मुख्यालय उदयपुर के जिला उदयपुर के तत्वावधान में जिला स्तरीय राज्य पुरस्कार स्काउट अनुशंसा शिविर 07 से 10 अक्टूबर तक मण्डल शिविर केन्द्र उदयनिवास पर आयोजित किया जा रहा है। ध्वजारोहण के साथ शिविर का शुभारंभ हुआ। अवसर पर बतौर शिविराधिपति सुरेंद्र कुमार पाण्डे जिला संगठन आयुक्त स्काउट ने संबोधित करते हुए कहा कि स्काउटिंग जीवन जीने की कला सिखाता है। स्काउटिंग के माध्यम से अनुशासन सीखने को मिलता है। उन्होंने बताया कि बताया कि इस शिविर में उदयपुर जिले के राजकीय एवं निजी विद्यालयों के राज्य पुरस्कार के लिए ओनलाइन पंजीकृत 157 स्काउट्स जांच प्रक्रिया में शामिल हुए हैं। पाण्डे ने बताया कि शिविर में प्रवेश से राज्य पुरस्कार तक के निर्धारित पाठ्यक्रम अनुसार लिखित,मौखिक एवं प्रायोगिक परीक्षा ली जा रही है। सेवा कार्य, दक्षता बैजो,हाईक आदि की लोग बुक जांच की गयी है। निर्धारित स्काउट यूनिफार्म एवं उससे संबंधित सभी जानकारी, सामान्य ज्ञान, स्काउट गाइड स्किल्स,कैंप क्राफ्ट,पायनियरिंग, गांठों, प्राथमिक सहायता,दिशा ज्ञान का परीक्षण किया गया है।



# करवा चौथ पर करवे बनाने की तैयारियां जोरों पर

**चौमूं (हमारा वतन)।** चौमूं शहर के नेशनल हाईवे 52 स्थित राधा स्वामी बाग के करवों की ढाणी में करवे बनाने का काम जोरों शोरों से चल रहा है । सुहागिनें चीनी के करवे भरकर चौथ माता का व्रत करती हैं और अपने सुहाग की लंबी उम्र के लिए माता से प्रार्थना करती हैं । श्री बालाजी मिष्ठान भंडार के ओनर मुकेश कुमार सैनी ने बताया कि करवा चौथ व्रत के करीब 25 दिनों से पहले ही करवे बनाने की प्रक्रिया चालू हो जाती है । हमारे यहां पर सीजन के अनुसार प्रोडक्ट बनाए जाते हैं तीज और गणगौर पर घेवरों का निर्माण किया जाता है, मकर सक्रांति पर फीणी का, करवा चौथ पर करवों का और बाकी समय में शादी विवाह के लिए पतासे बनाने का कार्य किया जाता है । हमारे बनाए हुए करवे चौमूं के आस पास के गांवों में प्रसिद्ध हैं । नीमकाथाना, शाहपुरा, रेनवाल,जयपुर,आमेर,सीकर,बगरू के व्यापारी थोक भाव में लेने आते हैं । गौरतलब है कि करवों की ढाणी का नाम करवा चौथ पर करवे बनाने के कारण ही पड़ा था । अब लोग इसे करवों कि ढाणी के नाम से ही जानते हैं । अगर आपको भी ताजा और शुद्ध चीनी के करवे लेने हैं तो श्री बालाजी मिष्ठान भंडार पर आप विजिट कर सकते हैं ।

# गुलाबी नगरी जयपुर में दिखेगा 30 देशों की सुपर मॉडल्स का जलवा

**जयपुर (हमारा वतन)।** गुलाबी नगरी जयपुर में 30 देशों की मिस सुपर मॉडल अपनी इठलाती और बलखाती अदाओं के दम पर जलवा बिखेरेंगी। मौका होगा, रू-ब-रू ग्रुप की ओर से होने वाले इंटरनेशनल मेगा इवेंट मिस सुपर मॉडल वर्ल्ड वाइड-2022 का। प्रियंकास इवेंट के प्रियंका नितिन दुबे के संयोजन में आयोजित यह मेगा इवेंट शहर में 15 अक्टूबर को होगा। जिसमें 30 देशों की मिस सुपर मॉडल शिरकत करेंगी।प्रियंकास इवेंट के ऑर्गनाइजर्स के डायरेक्टर प्रियंका नितिन दुबे ने बताया कि शो में रशिया, कजाकिस्तान, ब्राजील, मैक्सिको, न्यूजीलैंड, श्रीलंका, बेल्जियम, फिलिपींस, टर्की, म्यांमार सहित कई देशों की सुंदरियों अपनी खूबसूरती का जलवा दिखाएंगी। उन्होंने बतया कि हेल्दी लाइफ स्टाइल, नैतिक और पारिवारिक मूल्य को बढ़ावा देने के साथ-साथ देश-दुनिया के विभिन्न देशों की सांस्कृतिक विरासत के तहत कल्चर एक्सचेंज करना कॉम्पीटिशन का मकसद रहा। उन्होंने बताया कि कॉम्पीटिशन के फाइनल को जयपुर में आयोजित करना एक बड़ी उपलब्धि है।कॉम्पीटिशन के तहत शहर में 3 चरणों में विभिन्न थीम बेस्ड राउंड होंगे, जिसमें सुपर मॉडल कैटवॉक करेंगी। नितिन दुबे ने बताया कि सीकर रोड स्थित मिरेकल रिसोर्ट में 15 अक्टूबर को आयोजित होने वाले मेगा इवेंट में राष्ट्रीय पोशाक, इवनिंग गाउन आदि थीम पर राउंड होंगे, जिसमें सुपर मॉडल्स अपने देश की संस्कृति का परचम लहराएंगी।



# जॉब्स

1. सीआईएसफ, पद हेड कॉन्स्टेबल, एएसआई स्टेनोग्राफर, पद संख्या 540, अंतिम तिथि 25 अक्टूबर 2022
2. राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, कॉमन एंट्रेंस टेस्ट सीईटी 2022, पद संख्या 2996, अंतिम तिथि 21 अक्टूबर 2022
3. इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड, पद अप्रेंटिस, पद संख्या 1535, अंतिम तिथि 23 अक्टूबर 2022
4. यूपीएसएसएससी, पद फॉरेस्ट गार्ड, पद संख्या 701, अंतिम तिथि 6 नवंबर 2022
5. राजस्थान लोक सेवा आयोग आरपीएससी, पद असिस्टेंट टाउन प्लानर, पद संख्या 43, अंतिम तिथि 9 नवंबर 2022
6. चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड, पद क्लर्क व अन्य, पद संख्या 89, अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2022
7. ईस्टर्न रेलवे, पद अप्रेंटिस, पद संख्या 3115, अंतिम तिथि 29 अक्टूबर 2022
8. इंडियन आर्मी अग्निपथ स्कीम, पद सोल्जर टेक्निकल/नर्सिंग असिस्टेंट/ नर्सिंग असिस्टेंट वेटरनरी, पद संख्या अघोषित, अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2022




# उर्फी जावेद का नया कारनामा, घड़ियों की बनाई स्कर्ट, फैंस पूछ रहे-टाइम क्या हो रहा है?

उर्फी जावेद जो अपने अलग फैशन सेंस के लिए जानी जाती हैं, उन्होंने अपना नया वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में उर्फी ने कुछ ऐसी स्कर्ट बनाई है जो कभी कोई सोच भी नहीं सकता। उनका वीडियो वायरल हो रहा है। उर्फी जावेद ऐसी सोशल मीडिया स्टार हैं जिनके पोस्ट का फैंस बेसब्री से इंतजार करते हैं और इसकी वजह है उनके आउटफिट्स। उर्फी हमेशा अलग-अलग डिजाइन के आउटफिट्स पहनती हैं, लेकिन वो डिजाइन आम नहीं होते। उन्हें सिर्फ उर्फी ही कैरी कर सकती हैं। अब तक आपने उर्फी को बिजली की तार, रेजर, सेफ्टी पिन, सिम, कैंडी, फोटोज, चांदी के वर्क से बने आउटफिट्स में देखा होगा। लेकिन अब उन्होंने जिस चीज से अपनी स्कर्ट बनाई है, उसके बारे में कोई सोच भी नहीं सकता। उर्फी के वीडियो शेयर करते ही ये सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में आप देखेंगे कि उर्फी ने घड़ियों से स्कर्ट बनाई है। उन्होंने एक ट्रांसपेरेंट सी किसी चीज में घड़ियां चिपकाई हैं और उसकी स्कर्ट पहनी है। वीडियो शेयर कर उर्फी ने लिखा, टाइम क्या हो रहा है?वीडियो पर फैंस से लेकर सेलेब्स तक उनकी पोस्ट पर कमेंट कर रहे हैं। कोई कह रहा है कि आपका ही टाइम है अब। तो कोई कह रहा है कि ये तो वाओ क्लॉक है। तो किसी ने उर्फी को इंस्पिरेशन कहा है।वैसे कुछ ऐसे भी यूजर्स हैं जो उर्फी को लेकर नेगेटिव कमेंट्स भी कर रहे हैं। वैसे उर्फी को इन सबसे फर्क नहीं पड़ता। वह वही करती हैं जो उन्हें करना होता है।



**बिना टॉप के शेयर किया वीडियो**-उर्फी ने इससे पहले एक वीडियो शेयर किया था जिसमे उर्फी बिना टॉप पहने नजर आ रही थीं। हालांकि आगे से उन्होंने अपने बॉडी पार्ट पर रेड ग्लिटर पेंट किया था। उस वीडियो को देखकर फैंस भी हैरान रह गए थे। वैसे उर्फी अब धीरे-धीरे और बोल्ड होती जा रही हैं। वह एक के बाद एक बोल्ड एक्सपेरिमेंट करके फैंस को एंटरटेन करती हैं। वहीं अब उर्फी के इन आउटफिट्स को काफी पसंद किआ जाता है।

# ऑयली स्किन है बहुत सारी समस्याओं का कारण, जानिए इसकी देखभाल का तरीका

तैलीय त्वचा सबसे जटिल त्वचा प्रकार है। इसकी वजह से आपको एक्ने और ब्लैकहेड्स जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। टीनएज और युवावस्था में ज्यादातर लड़कियों की त्वचा ऑयली होती है। इसमें अनियंत्रित तेल का उत्पादन होता है। जिसकी वजह से इस पर एक्ने और मुहांसों जैसी समस्याएं होती रहती हैं। जबकि कुछ लोगों की त्वचा उम्र के हर पड़ाव पर ऑयली ही रहती है। यानी उन्हें जीवन भर किसी न किसी त्वचा संबंधी समस्या का सामना करना पड़ता है। इसलिए एक्ने, पिंपल्स, ब्लैकहेड्स, व्हाइटहेड्स जैसी समस्याओं से बचने के लिए जरूरी है कि आप अपनी त्वचा की देखभाल करने के बारे में जानें। यहां हम बता रहे हैं वे टिप्स जो ऑयली स्किन की देखभाल करने में मददगार हो सकते हैं। तैलीय त्वचा यानी कि ऑइली स्किन की समस्या कई महिलाओं में देखने को मिलती है। त्वचा से जरूरत से ज्यादा तेल निकलने की वजह से स्किन चिपचिपी नजर आती है और साथ ही यह कई अन्य स्किन प्रॉब्लम को जन्म देती है। जिनकी स्किन ऑयली होती है उन्हें अक्सर एक्ने, पिंपल्स, ब्लैकहेड्स, व्हाइटहेड्स जैसी कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है।हालांकि, आपके मन में यह सवाल जरूर आता होगा कि आखिर क्यों हमारी स्किन ऑयली हो जाती है। तो चिंता न करें आज हम लेकर आए हैं, आपके इस सवाल का उचित जवाब। साथ ही जानेंगे तैलीय त्वचा की समस्या से छुटकारा पाने के कुछ प्रभावी उपाय।



**पहले जानते हैं आखिर स्किन ऑयली क्यों होती है**

1. **जेनेटिक**-यदि आपके पैरेंट्स की स्किन ऑयली है तो यह जेनेटिकली भी आपमें ट्रांसफर हो सकता है। यदि यह समस्या आपको जेनेटिक्स से मिली है, तो इसका कोई परमानेंट सॉल्यूशन नहीं है। आप इसे कुछ होम रिमेडी की मदद से नियंत्रित रख सकती हैं।

2. **एजिंग**-बढ़ती उम्र के साथ त्वचा कम मात्रा में सीबम प्रोड्यूस करती है। वहीं त्वचा में प्रोटीन जैसे कि कोलेजन प्रोडक्शन भी कम हो जाता है। यह भी त्वचा के ऑयली होने का कारण हो सकता है।

3. **इनलार्ज पोर्स**-कभी-कभी आपकी त्वचा के पोर्स एजिंग, वेट फ्लक्चुएशन और ब्रेकआउट की वजह से स्ट्रेच हो जाते हैं, और अधिक मात्रा में ऑयल प्रोड्यूस करने लगते है। आप इसे तुरंत नियंत्रित नहीं कर सकती। परंतु एक उचित देखभाल के साथ इस समस्या से निजात पाया जा सकता है।

4. **गलत स्किन केयर प्रोडक्ट का इस्तेमाल**-गलत स्किन केयर प्रोडक्ट और गलत तरीके से किसी भी प्रोडक्ट का इस्तेमाल त्वचा पर अधिक ऑयल रिलीज होने का कारण हो सकता है। यदि आपकी त्वचा पहले से ऑयली है और आप इस पर हेवी ऑयल कंटेनिंग मॉइश्चराइजर और क्रीम का इस्तेमाल करती हैं। तो आपकी त्वचा सामान्य रूप से कहीं ज्यादा मात्रा में ऑयल रिलीज करने लगती हैं। ऐसे में बिना पूरी जानकारी के किसी भी प्रोडक्ट का इस्तेमाल करने से बचें।

1. **शहद**-शहद में मौजूद एंटी बैक्टीरियल और एंटीसेप्टिक प्रॉपर्टी ऑयली स्किन से होने वाले एक्ने की समस्या के लिए एक प्रभावी घरेलू उपचार हो सकते हैं। शहद का प्रयोग त्वचा के मॉइश्चर को बनाए रखने के साथ ही इसे अधिक ऑइली नहीं लगने देता।इसकी एक पतली लेयर अपनी त्वचा पर लगाएं और 10 मिनट तक छोड़ दें फिर हल्के गर्म पानी से इसे साफ करें।

# माधुरी दीक्षित ने मुंबई में खरीदा 53वें फ्लोर पर नया अपार्टमेंट, मिली 7 कार पार्किंग स्पेस, जानें कीमत

***माधुरी दीक्षित इन दिनों अपनी अपकमिंग अमेजन प्राइम वीडियो मजा मा को लेकर खूब खबरों में हैं। इस बीच माधुरी दीक्षित को लेकर खबर आ रही है कि उन्होंने मुंबई में नया अपार्टमेंट खरीदा है।***

बॉलीवुड एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित इन दिनों अपनी अपकमिंग अमेजन प्राइम वीडियो ओरिजिनल मजा मा को लेकर खूब खबरों में हैं। मजा मा रिलीज के नजदीक है और इसके ट्रेलर और गाने आदि दर्शकों को पसंद आ रहे हैं। इस बीच माधुरी दीक्षित को लेकर खबर आ रही है कि उन्होंने मुंबई में नया अपार्टमेंट खरीदा है। माधुरी का ये अपार्टमेंट मुंबई के लोअर परेल इलाके में स्थित है और 53वें मंजिल पर है।



**माधुरी दीक्षित का नया अपार्टमेंट**- एक रिपोर्ट के मुताबिक माधुरी दीक्षित ने मुंबई के लोअर परेल इलाके में नया अपार्टमेंट खरीदा है। इस अपार्टमेंट की कीमत 48 करोड़ रुपये बताई जा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ये प्रॉपर्टी इंडियाबुल्स ब्लू प्रोजेक्ट में हैं और 28 सितंबर 2022 को इसकी रजिस्ट्री हुई थी। माधुरी की ये अपार्टमेंट 53वें फ्लोर पर हैं और 5384 स्क्वेयर फीट है। इस अपार्टमेंट के साथ माधुरी को 7 कार पार्किंग्स मिली हैं। इस अपार्टमेंट के सेलर Calleis Land Development Private Limited हैं।

**वरली में लीज पर ली एक प्रॉपर्टी**-मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक माधुरी ने वरली के इंडियाबुल्स ब्लू बिल्डिंग में लीज पर भी एक प्रॉपर्टी ली है। बताया जा रहा है कि ये प्रॉपर्टी 29वें माले पर है और इसके लिए माधुरी ने 3 करोड़ रुपये का डिपोजिट किया है, जो हर साल 5 प्रतिशत बढ़ेगा। ये प्रॉपर्टी 5500 स्क्वायर फीट में फैली है। याद दिला दें कि बीते साल अक्टूबर में माधुरी दीक्षित ने तीन साल के लिए मुंबई में एक घर किराए पर लिया था। माधुरी किराए के घर के लिए हर महीने 12.5 लाख रुपये किराया दे रही थीं गौरतलब है कि धक धक गर्ल कहलाने वालीं माधुरी दीक्षित अपनी बेहतरीन अदाकारी और दिलकश अंदाज से सभी का दिल जीत लेती हैं। माधुरी आखिरी बार वेब सीरीज द फेम गेम में नजर आई थीं, जिसे दर्शकों ने काफी प्यार दिया था। इसके बाद अब माधुरी जल्दी ही अमेजन प्राइम वीडियो की मजा मा में नजर आएंगी और रिलीज के पहले उन्होंने खास बातचीत की और कई सवालों के जवाब दिए।

# रकुलप्रीत सिंह ने शादी के सवाल पर दिया सीधा जवाब, बॉलीवुड वर्सेज साउथ और क्रेजी फैन मूमेंट तक पर की बात

बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह का जलवा सिर्फ बॉलीवुड ही नहीं बल्कि साउथ सिनेमा में भी देखने को मिलता है। रकुल प्रीत सिंह जल्दी ही फिल्म डॉक्टर जी में नजर आएंगी। फिल्म में रकुल की जोड़ी आयुष्मान खुराना के साथ बनी है। फिल्म के ट्रेलर और गानों को दर्शक पसंद कर रहे हैं। फिल्म की रिलीज से पहले रकुल प्रीत सिंह ने हिन्दुस्तान में अविनाश पाल से बातचीत की और कई सवालों के जवाब दिए। रकुल ने प्रोफेशनल लाइफ के साथ ही अपनी पर्सनल लाइफ से जुड़े सवालों के भी जवाब दिए।कोई भी किरदार आसान या मुश्किल नहीं होता है, चैलेंजिंग होता है। आप अलग अलग कोशिश करते हैं, कि किरदार अलग लगे और ये अभी तक के मेरे निभाए सभी किरदारों में सबसे मुश्किल रहा है। डॉ फातिमा एक गायनोकॉलोजिस्ट है, जो इसकी ट्रेनिंग ली ताकि सही शब्दों का इस्तेमाल कर सकें, जैसे अस्पताल में बात करते हैं। बात करने का तरीका और लहजा, लखनवी हिंदी के लिए डिक्शन क्लास हुई। डायरेक्टर ने छोटी छोटी चीजों का ध्यान रखा है। फातिमा आज की लड़की है, बोल्ड है, ब्यूटीफुल है लेकिन फिर भी ग्राउंडेड हैं।






# मेसी ने किया संन्यास का ऐलान

## लियोनल बोले- कतर वर्ल्ड कप मेरा आखिरी वर्ल्ड कप होगा

**नई दिल्ली।** अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनल मेसी ने संन्यास का ऐलान कर दिया है। वे कतर में अगले माह से शुरू होने वाले FIFA वर्ल्ड कप-2022 के बाद फुटबॉल को अलविदा कह देंगे। 35 साल के इस फुटबॉलर ने अर्जेंटीना के पत्रकार सेबास्टियन विग्नोलो को दिए एक इंटरव्यू में कहा- कतर में होने वाले FIFA वर्ल्ड कप के बाद मैं इस खेल से संन्यास ले लूंगा। मैंने पहले ही फैसला ले लिया है और टीम को इसकी जानकारी भी दे दी है, यह मेरा आखिरी विश्व कप होगा।मेसी का यह पांचवा फीफा वर्ल्ड कप होगा। मेसी के ऐलान के बाद इस रिपोर्ट में जानिए उनका सफर, करियर, रिकॉर्ड और उपलब्धियां।



| 691 | 781 | 90 |
|---|---|---|
| क्लब गोल की ओर से | गोल दागे हैं करियर में लियोनेल मेसी ने | गोल अर्जेंटीना के लिए दागे हैं |

**2005 में पहला इंटरनेशनल मैच खेला था**-मेसी 5वां वर्ल्ड कप खेलने जा रहे हैं। उन्होंने 2005 में अर्जेंटीना की ओर से इंटरनेशनल डेब्यू किया था। वे 164 मैचों में 90 गोल कर चुके हैं। उन्होंने वर्ल्ड कप के 19 मुकाबलों में 6 गोल दागे हैं। ओवरऑल करियर की बात करें तो मेसी ने 781 गोल दागे हैं।

**नैपकिन पेपर पर साइन किया था पहला कॉन्ट्रैक्ट**-मेसी ने अपना पहला कॉन्ट्रैक्ट नैपकिन पेपर पर साइन किया था। वे 2000 में 13 साल की उम्र में बार्सिलोना से जुड़े थे। पेपर नहीं होने की वजह से उन्होंने एक नैपकिन पर कॉन्ट्रैक्ट साइन किया था। बार्सिलोना क्लब मेसी के इलाज का सारा खर्च इस शर्त पर देने को तैयार हो गया वे यूरोप में ही बस जाएं। इस पर उनका परिवार यूरोप चला गया।

**10 साल की उम्र में गंभीर बीमार पड़ने पर बार्सिलोना ने थामा था मेसी का हाथ**-6 साल की उम्र में ही मेसी फुटबॉल लेकर सड़कों पर 15-20 मिनट तक बिना रुके दोनों पैरों से जगलिंग करते थे। गेंद उनके पैरों से नीचे ही नहीं गिरती थी। इतने छोटे बच्चे को ऐसा करते देख लोग मेसी को इनाम के रूप में पैसे दिया करते थे।

# टी-20 वर्ल्डकप 2022 के लिए मैच रेफरी और अंपायरों का ऐलान, इस भारतीय को मिली जगह

**नई दिल्ली।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2022 के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल यानी आईसीसी ने मैच ऑफिशियल्स का ऐलान कर दिया है। मैच रेफरी और अंपायरों समेत कुल 20 अधिकारियों को चुना गया है, जिनमें 16 अंपायर और 4 मैच रेफरी हैं। अंपायरों में एक भारतीय भी शामिल है, जिनका नाम नितिन मेनन है। नितिन मेनन भारत के एकमात्र अंपायर हैं, जो आईसीसी के एलीट पैनल का हिस्सा हैं, जो ऑस्ट्रेलिया पहुंच चुके हैं। आईसीसी ने टूर्नामेंट के पहले दौर और सुपर 12 के चरण के लिए 20 मैच ऑफिशियल्स की घोषणा की है। आईसीसी ने अपनी प्रेस रिलीज में कहा है, कुल मिलाकर, 16 अंपायर टूर्नामेंट में अंपायरिंग करेंगे, जो 2021 के फाइनल के अंपायर थे, उनमें रिचर्ड केटलबोरो, नितिन मेनन, कुमारा धर्मसेना और मरैस इरास्मस का नाम शामिल है। 2022 की मेजबान टीम ने पिछला टूर्नामेंट जीता था।ाईसीसी एलीट पैनल के मैच रेफरी रंजन मदुगले, पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों की चौकड़ी का हिस्सा हैं, जो टी 20 विश्व कप के आठवें संस्करण के लिए मैच रेफरी होंगे। श्रीलंकाई मदुगले के साथ जिम्बाब्वे के एंड्रयू पाइक्रॉफ्ट, इंग्लैंड के क्रिस्टोफर ब्रॉड और ऑस्ट्रेलिया के डेविड बून भी मेगा इवेंट में मैच रेफरी होंगे। पाइक्रॉफ्ट 16 अक्टूबर को जिलॉन्ग में टूर्नामेंट के पहले मैच में रेफरी की कमान संभालेंगे, जब श्रीलंका पहले दौर में नामीबिया से भिड़ेगा।

## स्पोर्ट्स ब्रीफ

### साउथ अफ्रीका टीम के स्टार खिलाड़ी ड्वेन प्रिटोरियस वर्ल्ड कप से हुए बाहर, भारत के खिलाफ भी नहीं खेलेंगे

**नई दिल्ली।** भारत के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज से पहले दक्षिण अफ्रीका को बड़ा झटका लगा है। दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर ड्वेन प्रिटोरियस भारत के खिलाफ सीरीज के साथ-साथ ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आगामी टी20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गए हैं। दक्षिण अफ्रीका ने अपने चोटग्रस्त खिलाड़ी ड्वेन प्रिटोरियस के स्थान पर मार्को जैनसेन को अंतिम एकादश में शामिल किया है।दक्षिण अफ्रीका के हरफनमौला खिलाड़ी ड्वेन प्रिटोरियस अंगूठे में फ्रैक्चर के कारण भारत के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज और आगामी टी20 विश्व कप से बाहर हो गए हैं। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने गुरुवार को यह जानकारी दी। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के आधिकारिक हैंडल से ट्वीट किया गया, "#PROTEAS स्क्वाड अपडेट ऑलराउंडर ड्वेन प्रिटोरियस भारत के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज और आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप से बाहर हो गए हैं।प्रिटोरियस को यह चोट भारत के खिलाफ इंदौर में खेले गए तीसरे टी20 के दौरान आई थी, और अब उन्हें सर्जरी से गुजरना होगा। लखनऊ में गुरुवार को शुरू हुई वनडे सीरीज के लिए उनके स्थान पर मार्को जैनसेन को टीम में शामिल किया गया है।

हमारा वतन
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

# देश विरोधी विमर्श से लड़ने की चुनौती

केंद्रीय दूरसंचार विभाग ने भारतीय दूरसंचार विधेयक का मसौदा जारी कर विशेषज्ञों से सुझाव आमंत्रित किए हैं। यह विधेयक तीन मौजूदा कानूनों को समेकित कर दूरसंचार क्षेत्र के कानूनी ढांचे को बदलने के उद्देश्य से लाया गया है। इसमें दूरसंचार सेवाओं की परिभाषा को बदलते हुए इंटरनेट आधारित ओवर-द-टाप (ओटीटी) संचार सेवाओं जैसे- वाट्सएप, सिग्नल और टेलीग्राम को भी शामिल किया गया है। यानी ओटीटी और इंटरनेट आधारित संचार सेवा प्रदान करने के लिए भी अब लाइसेंस की आवश्यकता होगी।


राम गोपाल सैनी

फिलहाल देश में दूरसंचार क्षेत्र को नियंत्रित करने के लिए भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885, भारतीय वायरलेस टेलीग्राफी अधिनियम, 1933 और द टेलीग्राफ वायर्स (गैरकानूनी संरक्षण) अधिनियम, 1950 जैसे तीन कानून हैं।भारत में दूरसंचार उद्योग अभी 117 करोड़ ग्राहकों के साथ दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा उद्योग है। भारत की कुल टेलीडेंसिटी (एक क्षेत्र में रहने वाले प्रत्येक सौ व्यक्तियों के लिए टेलीफोन कनेक्शन की संख्या) 85.11 प्रतिशत है। दूरसंचार क्षेत्र का भारत के सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी में आठ प्रतिशत का योगदान है। आश्चर्यजनक है कि इतना महत्वपूर्ण क्षेत्र होने के बावजूद दूरसंचार क्षेत्र के प्रशासन से संबंधित कानून काफी पुराने हैं। दो कानून औपनिवेशिक काल के हैं और तीसरा स्वतंत्रता के तुरंत बाद का। तब से अब तक इस क्षेत्र में काफी व्यापक बदलाव हुए हैं। सरकार की ओर से संसद में दी गई जानकारी के अनुसार आज भारत की 98 प्रतिशत जनसंख्या 4जी तकनीकी के दायरे में आ चुकी है। 5जी सेवाएं शुरू होने के साथ ही दूरसंचार विभाग ने 6जी के लिए भी एक प्रौद्योगिकी अध्ययन समूह बना दिया है। इसके अलावा इंटरनेट आधारित ओटीटी सेवाएं, इंटरनेट आफ थिंग्स, इंडस्ट्री 4.0 और मोबाइल एज टेक्नोलाजी जैसी नई तकनीकी भी मौजूद हैं। ऐसे में देश में एक नए कानून की आवश्यकता है, जो बदलती प्रौद्योगिकी को समावेशित कर सके।नए मसौदा विधेयक का सबसे खास प्रविधान यह है कि भारत की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा करने या सार्वजनिक व्यवस्था को बनाए रखने के लिए किसी भी काल या मैसेज को इंटरसेप्ट किया जा सकता है।

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

### राज्य स्तरीय क्रेता-विक्रेता मीट

# राजीविका का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को उद्यमी बनाकर सशक्त करना:मंजू राजपाल

जयपुर (नि.सं.)। राज्य की महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने और उनका प्रमोशन करने के लिए राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) द्वारा शुक्रवार को होटल हॉलिडे इन में ''क्रेता-विक्रेता'' मीट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास की शासन सचिव एवं राज्य निदेशक राजीविका मिशन श्रीमती मंजू राजपाल ने कहा कि राजीविका का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को उद्यमी बनाकर सशक्त करना है। उन्होंने कहा कि इस मीट के माध्यम से राजीविका के स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार उत्पादों की कलात्मकता को सीधा बाजार उपलब्ध करवाया गया है जिससे मिडिल मैन की भूमिका को समाप्त किया जा सके और उन्हें अपने उत्पाद की सही कीमत मिल सकें। श्रीमती राजपाल ने राजीविका द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम तथा नवाचारों की जानकारी भी इस अवसर पर



दी। कार्यक्रम में जलग्रहण विकास की निदेशक श्रीमती रश्मि गुप्ता ने कहा कि इन कारीगरों के उत्पाद के माध्यम से राज्य की समृद्ध संस्कृति और विरासत को प्रदर्शित किया गया है। उन्होंने कहा कि इन समूह द्वारा बनाए गए उत्पादों को राज्य सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में भी उपयोग में लाया जा सकता है। कार्यक्रम में प्रोजेक्ट डायरेक्टर आजीविका मिशन डॉ. हरदीप सिंह चोपड़ा ने भी राजीविका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एक दिवसीय इस राज्य स्तरीय बैठक में रिलायंस रिटेल,फैब इंडिया, इंडिया क्राफ्ट सहित विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों ने खरीरदारों के तौर पर भाग लिया। इन प्रतिनिधियों ने उत्पादों के पैकेजिंग,क्वालिटी,डिजाइन तथा मार्केटिंग सहित विभिन्न बिंदुओं पर स्वयं सहायता समूहों को सुझाव दिए।

## (कविता) लाखो में एक मेरी दादी माँ

लाखो में एक मेरी दादी माँ
सुनो सुनो दादी की कहानी हमारी,
हर वक्त करती थी फ़िक्र हमारी
वो माँ की भी माँ थी,
वो लाखो में एक मेरी दादी माँ थी।
वो रोज नई कहानियां सुनाती थी,
वो हाथों से हमारे सर को
सहलाती थी।
वो मीठे-मीठे गोंद के लड्डू
खिलाती थी,
वो खीर- पूड़ी भी बनाती थी।
वो खुद डांट कर प्यार से
समझाती थी,
वो पापा की मार से भी बचाती थी
वो छुट्टियों में हमे गाँव बुलाती थी,
वो मीठे-मीठे फल खिलाती थी।
वो मुश्किल में हमारा साथ
निभाती थी।
वो लाखो में एक मेरी दादी माँ थी।


विकास कुमार
उज्जैनियां,मुंबई



## भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य ने सांसद सुमेधानंद सरस्वती को दी जन्मदिन की शुभकामनाएँ

**सीकर (हमारा वतन)।** सीकर सांसद सुमेधानंद सरस्वती के जन्म दिन पर तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष व अंतरराष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य द्वारा पंचमुखी हनुमान जी की प्रतिमा देकर, बाबा श्याम का दुपट्टा पहनाकर जन्मदिन की शुभकामनाएँ दी । इस दौरान श्री श्याम गोशाला में रक्तदान शिविर का कार्यक्रम आयोजित हुआ। गौशाला में ही आयुर्वेद औषधि के लड्डू गौ माता को खिलाए । इस दौरान पंडित हरिओम शास्त्री, पिपराली सरपंच संतोष मूंड, पीए ओमप्रकाश, सुरेश यादव, मुकेश चौधरी, मनीष शर्मा, राहुल शर्मा आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

## पाकिस्तान की जेलों में बंद छह भारतीय कैदियों की मौत, सजा पूरी होने के बाद भी नहीं की रिहाई

नई दिल्ली(एजेंसी)। पाकिस्तान की जेलों में बंद भारतीय नागरिकों का पड़ोसी देश ने बुरा हाल कर रखा है। स्थिति यह है कि पिछले नौ महीने में पाकिस्तान की जेलों में बंद छह भारतीयों की मौत हुई है। यह मौत कैसे हुई और क्यों हुई इसका अंदाजा लगा पाना मुश्किल है। जिन छह कैदियों की मौत हुई है उसमें से पांच मछुआरे हैं। पाक की जेलों में बंद अपने लोगों की रिहाई के लिए भारत पड़ोसी देश के सामने कई बार यह मुद्दा उठा भी चुका है। इसके बाद भी पाकिस्तान की ओर से कोई कदम नहीं उठाया गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, पिछले 9 महीने में पाकिस्तान की हिरासत में 6 भारतीय लोगों की मौत हुई है जिसमें से 5 मछुआरे थे। इन सभी 6 लोगों ने अपनी सजा पूरी कर ली थी। भारत के द्वारा उनकी देश वापसी की अपील के बावजूद उन्हें गैरकानूनी ढंग से हिरासत में रखा गया।

## गांधी एक सितारा

राह अहिंसा की चलकर
आजादी हमें दिलाई थी
होगा भारत आजाद
हमारा ऐसी आश जगाई थी
काशमीर से कन्या तक
हो भारत एक ये नारा था
गांधी क्या था नील गगन
में चमका एक सितारा था
वो धीर वीर और महापुरुष
थे हिंसा रास ना आई थी
गीता से ज्ञान लिया उसने
और महाभारत यहाँ रुकवाई थी
भारत छोड़ो कहा उसी ने
अंग्रेजों को ललकारा था
गांधी क्या था नील गगन में
चमका एक सितारा था
एक ईश है एक खुदा है
ऐसा वो बतलाते थे
मानवता के धर्म से आगे
कोई नहीं है बताते थे
भारत की जनता को बापू
प्राणों से भी प्यारा था
गांधी क्या था नील गगन
में चमका एक सितारा था


विनोद शर्मा वेणु
बिहार

## (गीत) समाधान कर दो

प्रश्न माना है कठिन पर
इसका भी समाधान कर दो
प्रेम पाश में उलझ - उलझ कर
जकड़ गया है तन - मन सारा
मोह और मोहब्बत में बस
उलझ गया है जीवन सारा
प्रेम शब्द की परिभाषा को
अब तो तुम आसान कर दो
प्रश्न माना है कठिन पर
इसका भी समाधान कर दो
प्रेम - धार के कठिन प्रहार से
नाजुक दिल जख्मी होता है
वैसे तो लगता है तुमको
के मेरा दिल कम ही होता है
गर समाधान कुछ कर न
सको तो इसको तुम पाषाण कर दो
प्रश्न माना है कठिन पर
इसका भी समाधान कर दो
मौन अधर पर अंकुश मन का
कम ही अब लग पाता है
ख्वाब मयूरा घनघोर नींद से
अब हर दम जग जाता है
हर अधूरे ख्वाब में तुम
पूर्णता का व्यवधान कर दो
प्रश्न माना है कठिन पर
इसका भी समाधान कर दो


सिद्धार्थ
गोरखपुरी




RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 7296873757
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा